## सार्वजनिक सूचना
## वन विभाग हिमाचल प्रदेश
## वन्य प्राणी वृत (उत्तरी) धर्मशाला में वन रक्षक की अनुबन्ध आधार पर भर्ती

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के धर्मशाला वन्य प्राणी वृत के अन्तर्गत अनुबन्ध आधार पर वन रक्षक के कुल 1 (अचयन/Non selection) पद के लिये सीधी भर्ती हेतु (online) आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं । अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षक की भर्ती सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एफ0 एफ0 ई0 –ए0(बी0)2–2–3/2016 दिनांक 12.07.2019,. FFE-A(B)2-23/2010 dated 08.07.2016,(प्रथम संसोधन) & No. FFE-A(B) 2-8/2017 dated 26.08.2017(द्वितीय संशोधन) के आधार पर की जा रही है। यह भर्ती खुली है और वन वृत स्तर पर की जा रही है। हिमाचल प्रदेश सरकार, श्रम एवं रोजगार विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या श्रम (एफ) 16–5/93 दिनांक 9 मार्च, 2000 में अंतर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसरण में, रोजगार कार्यालय/उप रोजगार कार्यालयों को रिक्तियां अधिसूचित करने के अतिरिक्त खुले आवेदन भी आंमत्रित किए जा रहें हैं।

इस प्रकार नियुक्त वन रक्षक को रू **10,410/– (5910/–रू मूल वेतन + 2000+2500–रू0 ग्रेड पे)** मासिक का निधार्रित (fixed) भुगतान किया जाएगा । चयनित उम्मीदवार को अनुवंध के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसका वर्षानुवर्ष नवीनकरण/ अवधि विस्तार, वर्ष के दौरान संतोषजनक सेवा और आचरण सम्वन्धित अरण्यपाल द्वारा प्रमाणित करने के उपरान्त किया जाएगा। यदि अनुवंध में एक वर्ष या उससे अधिक की वढ़ौतरी की जाती है तो पश्चातवर्ती वर्ष/वर्षों के लिए अनुवंध राशि में सेवा नियमानुसार + 3% (तीन प्रतिशत) जो मु0 237/– रू0 है, की वार्षिक वृद्धि देने का प्रावधान है।

वन रक्षक का पद वृत स्तरीय संवर्ग का है। नवनियुक्त वन रक्षक की पहली तैनाती जनजातीय/दुर्गम क्षेत्रों में पद उपलब्धता के आधार पर की जाएगी। प्रार्थी का वन वृत वरिष्ठता गवायें विना नहीं वदला जाएगा । यदि आवेदक वन विभाग में भर्ती होने का इच्छुक हो और निर्धारित शर्तें एवं योग्यता पूरी करता हो तो अपना आवेदन मोबाईल नम्बर सहित इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के बाद वन्य प्राणी वृत कार्यालय धर्मशाला में आन लाईन आवेदन (http://forp.hp.gov.in) पर कर सकते हैं । जो अभ्यार्थी online आवेदन करेगें उनकी व्यक्तिगत ई–मेल आईड़ी व मोबाईल नम्बर आवेदन में दर्ज करना अनिवार्य है। **अभ्यार्थी केवल आनलाईन एक ही माध्यम से आवेदन कर सकता है जो अभ्यर्थी आनलाईन व आफलाईन दोनों तरह से आवेदन करेगें उनका आवेदन बिना किसी कारण बताए रद कर दिया जाएगा और वह इस भर्ती हेतु पात्र नहीं**

Scanned by CamScanner

होगा। आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 08.11.2019 को समय सांय पांच बजे तक होगी। जनजातीय/दुर्गम क्षेत्रों के उम्मीदवारों को आवेदन हेतू लागू नियमानुसार अतिरिक्त समय दिया जाएगा व आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.11.2019 को समय सांय पांच बजे तक होगी। महिला उम्मीदवार भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकती हैं। धर्मशाला वन्य प्राणी वृत के 1 पद का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | श्रेणी | अनारक्षित | गृह रक्षक | भूतपूर्व सैनिक | आई0 आर0 डी0 पी0 | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | योग | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

**I. पात्रता की आवश्यक शर्तें एवं योग्यतायें :–**

क) अभ्यर्थी भारतीय नागरिक होना चाहिए ।

ख) आवेदक का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

ग) आवेदक की आयु 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

घ) आवेदक ने किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड /विश्वविद्यालय से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो या इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो।

ड) **न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः–**

| क्र0 सं0 | मापदण्ड | पुरूष | महिला |
|---|---|---|---|
| 1 | ऊंचाई ( कद) | 165 सैं0मी0 | 150 सैं0मी0 |
| 2 | छाती(क) विना फुलाए | 79 सैं0मी0 | 74 सैं0मी0 |
| | (ख) फुलाकर | 84 सैं0मी0 | 79 सैं0मी0 |

**II. वांछनीय अहर्ताएंः**

हिमाचल प्रदेश की रूढ़ियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान और प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्तता।

| कमांक | परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1 | लिखित परीक्षा | 85 |
| 2 | मूल्याकंन | 15 |

Scanned by CamScanner

| | योग | 100 |
|---|---|---|

1. **भर्ती प्रकिया:** वे उम्मीदवार जो न्यूनतम शारीरिक मापदंड पूर्ण करते हों वे शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए योग्य होंगे, तथा उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण में उर्तीण होना अनिवार्य होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण की वीडियोग्राफी आनिवार्यतः की जाएगी।

**शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु मापदण्ड**

| मद | पुरूष | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दौड | दूरी | अधिकतम समय | दूरी | अधिकतम समय | टिप्पणी |
| | 100 मी0<br>800 मी0 | 14 सै0<br>2मि045 सै0 | 100 मी0<br>800 मी0 | 17 सै0<br>4मि015सै0 | इन दौडों में कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा। |
| ऊंचीकूद / लम्बीकूद ( कम से कम ) | 1.25 मीटर<br>4 मीटर | | 1 मीटर<br>3 मीटर | ऊंचीकूद एवं लम्बी कूद के लिए उम्मीदवार को अधिकतम तीन अवसर दिए जाएंगे। | |

2. वे उम्मीदवार जो शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उतीर्ण होंगे, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा (Written Test) में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थान बारे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के तुरन्त बाद सूचित किया जाएगा । लिखित परीक्षा राज्य के समस्त वन वृतों में एक ही दिन संचालित की जाएगी।

3. लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न (objective type questions) होंगें ये दसवीं कक्षा के स्तर या इसके समकक्ष मानक का होगा और इसमें भाषा ,सामान्य विज्ञान व ज्ञान, प्रदेश के प्रति जानकारी तथा सामान्य जंगलों के प्रति जागरूकता, वातावरण एवं वन्य प्राणी, reasoning and aptitude इत्यादि प्रश्न शामिल होंगे

4. **मूल्याकंन:** लिखित परीक्षा के परिणामों पर आधारित योग्यता सूची (Merit List) अनुसार उम्मीदवारों का मूल्याकंन निम्न मानकों जो कि हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिसूचना संख्या पी ई आर (एपी0बी0) बी0 (15)–5 / 2014 दिनांक 17.04.2017 व 25.04.2017 द्वारा अधिसूचित किये गये हैं, के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा । अतः उम्मीदवारों को निर्देश दिये जाते हैं कि वह मूल्याकंन के समय नीचे दिये गये प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों को स्वयं सत्यापित करने के उपरान्त प्रार्थना पत्र के साथ आवश्य भेजें । प्रमाण पत्रों के आधार पर अंकों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता भर्ती एवम पदोन्नति अनुसार । | अधिकतम 2.5 अंक |
| 2 | पिछडा क्षेत्र या पंचायत । | 1 अंक |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 3 | भूमिहीन परिवार/ऐसा परिवार जिनकी भूमि 1 हैक्टेयर से कम (प्रमाण–पत्र सम्वन्धित राजस्व अधिकारी) | 1 अंक |
| 4 | बेरोजगार प्रमाण–पत्र कि अभ्यर्थी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी सरकारी एवम अर्द्ध–सरकारी नौकरी में नहीं है । | 1 अंक |
| 5 | अपंगता प्रमाण–पत्र । | 1 अंक |
| 6 | एन0एस0एस0/एन0सी0सी0/भारत स्काउट एवम गाइड़/ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक विजेता । | 1 अंक |
| 7 | बी0 पी0 एल0 परिवार जिनकी बार्षिक आय 40,000/– रुपये या सरकार द्वारा तय । | 2 अंक |
| 8 | विधवा/तलाकशुदा/एकल महिला । | 1 अंक |
| 9 | एकल पुत्री/अनाथ | 1 अंक |
| 10 | सम्वन्धित क्षेत्र से 6 माह का प्रशिक्षण जो कि मान्यता प्राप्त/संस्थान । | 1 अंक |
| 11 | सम्वन्धित क्षेत्र में सरकारी एवम अर्द्ध–सरकारी संस्थान से कम से कम 1 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष का अनुभव (प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 0.5 अंक) | 2.5 अंक |

IV **आवेदकों के लिए निर्देशः–**

1) अभ्यार्थी केवल आन लाईन आवेदन (http://forp.hp.gov.in) पर कर सकते हैं जो अभ्यार्थी आनलाईन आवेदन करेगें उनकी व्यक्तिगत ई–मेल आईड़ी व मोबाईल नम्बर आवेदन में दर्ज करना अनिवार्य है। अभ्यार्थी केवल आनलाईन एक ही माध्यम से आवेदन कर सकता है जो अभ्यार्थी आनलाईन व आफलाईन दोनों तरह से आवेदन करेगें उनका आवेदन बिना किसी कारण बताए रद कर दिया जाएगा और वह इस भर्ती हेतु पात्र नहीं होगा।

2) प्रार्थना पत्र की जांच के उपरान्त उम्मीदवारों को आनलाईन व स्थानीय अखबारों के माध्यम से शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे सूचित किया जाएगा । यदि उम्मीदवार को

Scanned by CamScanner

दिनांक 28.11.2019 तक किसी कारणवश सूचना नहीं मिल पाती है तो वह शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू होने की तिथि से पहले वन्य प्राणी वृत कार्यालय धर्मशाला में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से 5 बजे सायं तक संपर्क कर सकता हैं ।

3) अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा ।

4) आवेदक के हस्ताक्षर विना प्राप्त आवेदन पत्र रद्द कर दिये जाएगें।

5) यदि कोई आवेदन पत्र अधूरा प्राप्त होता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा ।

6) यदि शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं मूल्याकंन की प्रकिया निर्धारित तिथि को पूर्ण नहीं होती है तो वह अगले दिन भी जारी रहेगी ।

7) आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं मूल्याकंन के समय निम्नलिखित दस्तावेज मूलरूप में अपने साथ अवश्य लांएः–

क) दसवीं एवं जमा दो कक्षा का पास प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र।

ख) एन0 सी0 सी 0/एन0 एस0 एस0/खेल , अन्य पाठ्य सहायक क्रियांओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बधित प्रमाण पत्र ।

ग) रोजगार कार्यालय में पंजीकर्ण का वैध प्रमाण पत्र (Employment Registration Card)

8) यदि प्रार्थी किसी भी परीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी ।

9) सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण वताए/बिना शर्त इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखता है ।

10) अनुवंध पर नियुक्त अभ्यार्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितीकरण का कोई अधिकार प्रदान नहीं होगा ।

11) जब अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतू बुलाए जाएंगे उस समय वह नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो की 2 प्रतियां अपने साथ अवश्य लांए ।

12) केवल पात्र अभ्यार्थी जो शारीरिक मापदंड़ व दक्षता व पूर्ण रूप से स्वस्थय हों वह ही इस पद हेतु आवेदन करें। दक्षता परीक्षण के दौरान अगर कोई दुर्घटना घटित होती है तो उसकी कोई भी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी।

13) जो अभ्यार्थी रोजगार कार्यालयों द्वारा नामांकित किए जाएगें उनका शारीरिक मापदंड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण भी निर्धारित समय सारिणी एवं तिथियों को होगा

**<u>आवेदन भेजने से पहले उपरोक्त शर्तों एवं पूर्ण विज्ञापन का अवलोकन करें।</u>**

भर्ती की प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश के सभी वन एवं वन्य प्राणी वृतों में हो रही है अतः निवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वह अपने नज़दीकी वन/वन्य प्राणी वृत में से केवल एक ही वृत में आवेदन करें।

Scanned by CamScanner

अभ्यार्थी केवल आनलाईन एक ही माध्यम से आवेदन कर सकता है जो अभ्यार्थी आनलाईन व आफलाईन दोनों तरह से आवेदन करेगें उनका आवेदन बिना किसी कारण बताए रद कर दिया जाएगा और वह इस भर्ती हेतु पात्र नहीं होगा।
अन्य जानकारी के लिए अरण्यपाल वन्य प्राणी वृत ( उतरी) धर्मशाला कार्यालय में निम्न दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य अरण्यपाल वन्य प्राणी वृत (उत्तरी) धर्मशाला – फैक्स न0 01892.222832 एवं 01892–224939**

प्रदीप ठाकुर

मुख्य अरण्यपाल
वन्य प्राणी वृत (उत्तरी) धर्मशाला
दूरभाष – 01892–224939
ई0 मेल : **ccfwlnorth@gmail.com**

Scanned by CamScanner